पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल ने कोकराझार से कश्मीर तक शांति यात्रा पर निकले साईकिल यात्रा दल का स्वागत किया</u>

दिनांकः 28 सितम्बर, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज 'कोकराझार से कश्मीर' तक मुहब्बत का पैगाम लेकर सद्भावना एवं शांति की यात्रा पर साईकिल से निकले आसाम के नवयुवकों के दल का स्वागत किया तथा राजभवन से झंडी दिखाकर पुनः आगे के लिए रवाना किया। आगे की शांति यात्रा में कुछ सदस्य प्रदेश से भी सम्मिलित हुए हैं। साईकिल शांति यात्रा पश्चिम बंगाल निवासी श्री चन्दन पाल के नेतृत्व में आसाम के कोकराझार से प्रारम्भ होकर आज लखनऊ पहुंची। शांति यात्रा में आशा बसमोत्री, जमुना बसुमोत्री, जयश्री राय, अमर कुमार दत्ता, शाहिदुल इस्लाम, अब्दुल मजीद एस0के0, बैदुल इस्लाम एस0के0, बिरश्रवान गायरी, जायनाल हुसैन, वरिष्ठ पत्रकार श्री रामदत्त त्रिपाठी एवं सुश्री कुसुम जौहरी सहित अन्य लोग भी सम्मिलित थे।

राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में सफल यात्रा की शुभकामना देते हुए कहा कि आसाम के नवयुवकों का प्रयास सराहनीय है। हमारा देश विविधता का देश है, मगर भारतीयता की डोर सबको एक सूत्र में बांधती है। हमें परस्पर प्रेम और सद्भाव की आवश्यकता है। देश की मजबूती के लिये एकता और सद्भाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि अनेकता में एकता ही भारत की पहचान है।

श्री नाईक ने साईकिल यात्रा में शामिल आसाम के नवयुवकों को उत्तर प्रदेश की विशेषता और राजभवन के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल ने साईकिल यात्रा दल के सदस्यों को अपना वार्षिक कार्यवृत्त भी भेंट किया।

अंजुम/ललित/राजभवन (360/52)